अमर उजाला 25/01/2025

कॉलेज में समझाया औद्योगिक डिजाइन

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर चल रहे पांच दिवसीय कार्यक्रम के चौथे सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनआईटी कुरुक्षेत्र से आए त्रिलोकराज चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ पर डॉ. शिखा जग्गी, डॉ. अमिता, डॉ. रवनीत कौर एवं प्रो. श्याम रहेजा ने मुख्य वक्ता को पौधा देकर उनका स्वागत किया। इस सत्र का मुख्य विषय औद्योगिक डिजाइन रहा। मुख्य वक्ता त्रिलोकराज चौहान ने सभी को विभिन्न प्रकार के औद्योगिक डिजाइन के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य वक्ता का आभार जताया। संवाद